
www.evidyarthi.in

# आखेट-खाद्य संग्रह से भोजन उत्पादन तक

## अध्याय - 2

## (प्रश्न-अभ्यास)





**हमारे अतीत**

www.evidyarthi.in

## 1: इन वाक्यों को पूरा करो

(क) आखेटक-खाद्य संग्राहक गुफाओं में इसलिए रहते थे क्योंकि ...............

(ख) घास वाले मैदानों का विकास ...................... साल पहले हुआ।

www.evidyarthi.in

**उत्तर** – (क) यहां उन्हें वर्षा, धूप और हवाओं से राहत मिलती थी|

(ख) 12,000।

www.evidyarthi.in

**2: खेती करने वाले लोग एक ही स्थान पर लंबे समय तक क्यों रहते थे?**

**उत्तर :** खेती करने वाले लोग एक ही स्थान पर लंबे समय तक रहते थे, क्योंकि भूमि को कृषि योग्य बनाने, बीजों को बोने, फसल की देखभाल तथा फसल के पकने के लिए एक लंबे समय की आवश्यकता होती थी। इसलिए खेती करने वाले लोगों को एक ही स्थान पर लंबे समय तक रहना पड़ता था।

www.evidyarthi.in

**3. पुरातत्त्वविद् ऐसा क्यों मानते हैं कि मेहरगढ़ के लोग पहले केवल शिकारी थे, और बाद में उनके लिए पशुपालन ज्यादा महत्त्वपूर्ण हो गया?**

**उत्तर :** पुरातत्त्वविदों द्वारा मेहरगढ़ की खुदाई में सबसे नीचे के स्तरों से जिन जानवरों की हड्डियाँ मिली हैं, उनमें हिरण तथा जंगली सुअर प्रमुख हैं, जिससे पता चलता है कि इस अवस्था में मानव केवल शिकार पर निर्भर था,

www.evidyarthi.in

इसके ऊपर के स्तरों में भेड़ तथा बकरियों की हड्डियाँ ज्यादा मिली हैं, इससे पता चलता है कि इस काल में लोगों ने पशुपालन करना आरंभ कर दिया था।

**4. आखेटक – खाद्य संग्राहक एक स्थान से दूसरे स्थान पर क्यों घूमते रहते थे? उनकी यात्रा और आज की हमारी यात्रा के कारणों में क्या समानताएँ या क्या भिन्नताएँ हैं?**

**उत्तर :**आखेटक-खाद्य संग्राहक के एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमने के कुछ प्रमुख कारण है –

www.evidyarthi.in

एक ही स्थान पर लंबे समय तक रहने से खाने की समस्या उत्पन्न हो जाती होगी तो इन्हे खाने की तलाश में एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ता था। ऋतु परिवर्तन (मौसम) के अनुसार भी करते होंगे,कुछ पेड़ो में फल सब्जियां मौसम के अनुसार आती है जिनकी तलाश में स्थान परिवर्तन करते होंगे। शिकार की तलाश में। पानी की तलाश में।

www.evidyarthi.in

आज की यात्रा आखेटक की यात्रा से बहुत अलग है| जिसके मुख्य कारण निम्न है- स्कूल,दफ्तर जाने के लिए। कुछ लोगों को नौकरी,रोजगार की तलाश में। भ्रमण के लिए। अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए। व्यापार से संबंधित कार्यों के लिए।

**5. आखेटक – खाद्य संग्राहक आग का उपयोग किन-किन चीज़ों के लिए करते थे? क्या तुम आज आग का प्रयोग इनमें से किसी चीज़ के लिए करोगे ?**

**उत्तर :**आखेटक-खाद्य संग्राहक आग का प्रयोग कई कार्यों के लिए करते थे- अँधेरे को दूर करने के लिए। खतरनाक जानवरों को दूर भगाने के लिए। मांस भूनने के लिए। ऋतु परिवर्तन के दौरान(सर्दी के मौसम) स्वयं को गर्म रखने के लिए ।

www.evidyarthi.in

आज हम आग का प्रयोग सर्दियों के दौरान खुद को गर्म रखने तथा खतरनाक जानवरों को दूर भगाने के लिए करते है,आवश्यकता पड़ने पर प्रकाश के लिए भी करते है।

www.evidyarthi.in

**6. कृषकों-पशुपालकों का जीवन शिकारी-खाद्य संग्राहकों के जीवन से कितना भिन्न था, तीन अंतर बताओ।**

**उत्तर :**

**अंतर**

1.कृषकों-पशुपालकों का जीवन स्थायी था, जबकि शिकारी-खाद्य संग्राहक का जीवन अस्थायी था, क्योंकि वे भोजन की तलाश में इधर-उधर घूमते रहते थे।

www.evidyarthi.in

2. कृषकों-पशुपालकों को भोजन कृषि उत्पादों तथा पालतू पशुओं पर आधारित होता था, जबकि शिकारी-खाद्य संग्राहकों का जीवन जंगली जानवरों व अन्य उत्पादों पर आधारित होता था।

3. कृषकों-पशुपालकों ने अपने रहने के लिए आवासों का निर्माण करना आरंभ कर दिया था, जबकि शिकारी-खाद्य संग्राहक प्रायः गुफाओं और कंदराओं में रहते थे।